# 9. शीतोष्ण घासस्थलों में जीवन

अभ्यास

प्रश्न : 1 निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिये –

(i) उत्तर – अमेरिकी शीतोष्ण घासस्थल को क्या कहाँ जाता हैं ?

उत्तर : प्रेअरी |

(ii) उत्तर अमेरिकी घासस्थल के पशु चरागाह को क्या कहते हैं ?

उत्तर : रैंच |

(iii) वेल्ड में बहने वाली नदियों के नाम बताइए |

उत्तर : (i) ऑरेंज नदी और (ii) लिम्पोपो नदी |

(iv) वेल्ड में वर्षा ऋतु कब आती हैं ?

उत्तर : वेल्ड में वर्ष ऋतु नवम्बर से फरवरी के बीच ग्रीष्म कालीन महीनो में होती हैं |

(v) दक्षिण अफ्रीकी घसस्थल के लोगो का मुख्य व्यवसाय क्या हैं ?

उत्तर : (i) भेड़ पालन, (ii) दुग्ध उत्पादन एवं (iii) खनन |

प्रश्न : 2 सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए –

(i) मिसिसिपी नदी अपवाहित करती हैं ?

उत्तर : (ग) संयुक्त राज्य अमेरिका

(ii) ड्रेकेन्सबर्ग पर्वत किसे घेरते हैं ?

उत्तर : (ख) वेल्ड

(iii) मेरिनो प्रजाति हैं ?

उत्तर : (ग) भेड़

(iv) किंबरले किसके लिए प्रसिद्ध हैं ?

उत्तर : (क) हीरा

प्रश्न : 3 निम्नलिखित स्तभों को मिलाकर सही जोड़े बनाइए –

1. काओबॉय (क) लोहा एवं इस्पात

2. सोना (ख) प्रेआरी

3. कुइ्रू (ग) गर्म पवन

4. चिनूक (घ) जोहांसबर्ग

5. कोयला (ड.) पशु

उत्तर : (i) (ख)

(ii) (घ)

(iii) (ड.)

(iv) (ग)

(v) (क)

प्रश्न : 4 कारण बताइए –

(i) प्रेअरी को 'विश्व का धान्यागार' कहा जाता हैं |

उत्तर – क्योंकि यहाँ गेहूँ का अत्यधिक उत्पादन होता हैं |

(ii) वेल्ड में ऊनी उधोग का विकास |

उत्तर – क्योंकि यहाँ उत्तम नस्ल की (मेरिनो) भेड़े पाई जाती हैंजिनकी ऊन काफी गर्म होती हैं |